हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्वनाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : phdcell@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359400

क्र./2393/अधि./2023 दुर्ग, दिनांक : 14 / 07 /2023

//अधिसूचना//

पी–एच.डी. शोध उपाधि प्रवेश – 2023

केवल (यू.जी.सी.,सी.एस.आई.आर. नेट/सेट/जे.आर.एफ/सहायक प्राध्यापक (नियमित अथवा परिनियम–28 के अंतर्गत) हेतु)

विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक – 45 के प्रावधान अंतर्गत पी–एच.डी. शोध उपाधि प्रवेश 2023 हेतु अधिसूचना निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है–

1. आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.durguniversity.ac.in-**Quick Links – Ph. D. Admission Form 2023**पर जाकर रु. 500/– शुल्क सहित ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 18/07/2023 से 25/07/2023 तक भरे जायेंगे। आवेदक समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन की हार्डकॉपी दिनांक 31/07/2023 तक विश्वविद्यालय के पी–एच. डी. विभाग में जमा करेंगे।
2. आवेदन फार्म (संलग्न) समस्त दस्तावेजों (प्रत्येक वर्ष की अंकसूची) सहित विश्वविद्यालय के पी–एच. डी. विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. आवेदको को ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् उसके प्रिंट आउट के साथ अनिवार्य दस्तावेजों के रुप में 10वीं, 12वीं, स्नातक तथा स्नातकोत्तर के प्रत्येक वर्ष की अंकसूची, नेट/सेट/जे. आर. एफ./सी. एस. आई. आर./यू. जी. सी. परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं कार्यानुभव प्रमाण पत्र सहित नियमित प्राध्यापक संबंधित दस्तावेज, एम. फिल. अंक सूची (यदि हो तो), जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदक का प्रवेश हेतु पात्रता का परीक्षण विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा।
5. आवेदक आवेदन करने के पूर्व **अध्यादेश – 45 की कंडिका 3(C) (i), (iii), (iv) में उल्लेखित पात्रता अनुसार** पी–एच.डी. प्रवेश हेतु अपनी योग्यता सुनिश्चित कर ही आवेदन प्रस्तुत करें।
6. आवेदन पत्र जमा करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि आवेदक ने समस्त जानकारियों का उल्लेख आवेदन पत्र में किया है तथा समस्त आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया है। पूर्ण पता पिन कोड सहित एवं मोबाइल नम्बर लिखा होना आवश्यक है।
7. अपूर्ण/अधूरे/अयोग्य आवेदन स्वयमेव निरस्त माने जावेंगे जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।
8. उक्त पी–एच.डी. प्रवेश निम्नालिखित विषयों के लिये होगा –

1. हिन्दी	6. अंग्रेजी	11. भौतिकी	16. प्राणी शास्त्र
2. इतिहास	7. राजनीति विज्ञान	12. वनस्पति विज्ञान	17. शिक्षा
3. भूविज्ञान	8. गणित	13. वाणिज्य	18. भूगोल
4. मइक्रोबायोलॉजी	9. बायोटेक्नोलॉजी	14. समाजशास्त्र	19. मनोविज्ञान
5. गृह विज्ञान	10. अर्थशास्त्र	15. रसायन शास्त्र	

9. विश्वविद्यालय के शोध निर्देशक के पास उपलब्ध रिक्त सीटों का विवरण विश्वविद्यालय वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

10. विभागीय शोध समिति, समस्त शोध निर्देशकों के अधीन शोधार्थियों के प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियम का पालन करना सुनिश्चित करें।
11. शोध निर्देशक के अधीन कुल शोधार्थियो की संख्या – सहा. प्राध्यापक –04, सह–प्राध्यापक–06, तथा प्राध्यापक–08 होगी।
12. प्रवेश हेतु योग्य घोषित होने पर शोध कार्य हेतु पंजीयन के लिये विश्वविद्यालय की बाध्यता नहीं होगी। यह शोध निर्देशक के अधीन सीट रिक्त होने तथा आवेदन द्वारा शोध निर्देशक की सहमति प्राप्त करने पर निर्भर होगा।

कुलसचिव

पृ. क्र 2394B /अधि. /2023 दुर्ग, दिनांक : 14 / 07 /2023

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।
2. सम्पादक, समस्त क्षेत्रों के समाचार पत्रों को सूचनार्थ।
3. कुलपति के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)को सूचनार्थ।
4. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने सूचनार्थ।

कुलसचिव